हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 23 मार्च 2026

06 नौ दिवसीय श्री रामकथा यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न

07 राजगढ़ जिले के 53 सीएचओ को कलेक्टर...




### 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए माता के दर्शन, करवाए हवन-अनुष्ठान

# मां बगलामुखी के आंगन में रविवार को आस्था व श्रद्धा का उमड़ा सैलाब






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के चतुर्थ दिवस रविवार को मां के आंगन में आस्था का महाकुंभ देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर मां के दर्शन किए। दर्शन के लिए भक्तों को इंतजार करना पड़ा, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। रविवार अवकाश का दिन होने से सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता मंदिर पर लगी रही जो देर रात तक जारी थी, इस दौरान लगभग 1 लाख से अधिक भक्तों ने मां के दरबार में अपनी हाजरी लगाई। हवन कुंड पर भी भक्तों को हवन अनुष्ठान करने के लिए इंतजार करना पड़ा।

रविवार को अल सुबह मंगला आरती के बाद से ही मां बगलामुखी के दरबार में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे। जैसे जैसे समय बीतने लगा वैसे वैसे भक्तों की भीड़ बढ़ती गई। देर शाम तक 1 लाख से अधिक श्रद्धालु माता के दर्शनार्थ के लिए माता मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचे भक्तों ने मां के दर्शन किए तो कई भक्तों ने मां के आंगन में परिवार की सुख, शांति, समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति हेतु हवन-अनुष्ठान भी किए। मंदिर समिति द्वारा 120 से अधिक हवन कुंड बनाए गए थे। जहां पर भी भक्तों को हवन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई वीआईपी भी हवन के लिए इंतजार करते देखे गए। मां के दर्शनों का दौर देर रात तक चलता रहा, मंदिर के बाहर नाले के समीप बने मुख्य द्वार से लेकर सिंहद्वार तक भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी। भक्त मां की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दे रहे थे। नवरात्रि के दौरान भक्तों का गर्भ गृह में प्रवेश बंद होने से भक्तों को सभा मंडप के बाहर से ही माता रानी के दर्शन हो रहे हैं।

#### देश की कई हस्तियां पहुंच रही माता मंदिर



चैत्र नवरात्रि के दौरान माता मंदिर पर देश की कई राजनीतिक हस्तियों के साथ, कई प्रदेशों के मंत्री, उपमुख्यमंत्री, न्यायिक क्षेत्र व प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी, फिल्मी दुनिया तथा टीवी से जुड़े कलाकार भी माता मंदिर पहुंच रहे हैं, जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विशेष हवन-अनुष्ठान विधि- विधान के साथ किए जा रहे हैं।

#### पांच से अधिक स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की

रविवार को मां बगलामुखी मंदिर पर सैकड़ों की संख्या में चौपाइयां वाहनों के साथ दो पहिया वाहन एवं बसों के माध्यम से माता भक्त मंदिर पहुंचे थे। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा वाहनों के लिए पांच से अधिक निर्धारित स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई थी।

#### श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी का लिया लाभ

रविवार को मां बगलामुखी मंदिर पर पहुंचे हजारों माता भक्तों द्वारा दर्शन, हवन-अनुष्ठान के बाद पीतांबरा सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे भंडारा परिसर में पहुंचकर भोजन प्रसादी का लाभ लिया। रविवार के भंडारे के लाभार्थी शिक्षा विभाग एवं पंचायत सचिव रहे। जिनके द्वारा भंडारा प्रारंभ होने के पूर्व पीताम्बरा सेवा समिति परिसर में हवन पूजन भी किया गया। जिनका समिति सदस्यों ने स्वागत कर सम्मान किया।

### आगर मालवा पुलिस की नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# 613 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा सहित कंटेनर ट्रक किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा









पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट व एसडीओपी आगर मोतीलाल कुशवाहा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली, निरीक्षक शशि उपाध्याय के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम द्वारा नशे के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 613 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा से भरे कंटेनर ट्रक को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ, कंटेनर वाहन, मोबाइल फोन एवं अन्य सामग्री सहित लगभग 1,53,46,000 मूल्य का मश्रुका जब्त किया गया है। कोतवाली पुलिस द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि 21 मार्च को थाना कोतवाली आगर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक कंटेनर ट्रक क्रमांक पीबी -02- ईक्यू -1281, जिसमें सोया डीओसी की बोरियों के बीच छिपाकर अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा ले जाया जा रहा है, सारंगपुर-कानड़-आगर मार्ग से सुसनेर होते हुए पंजाब की ओर जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा गणेश घाटी, आगर-सारंगपुर रोड पर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध कंटेनर को रोका गया, जिसके चालक ने अपना नाम विकर सिंह पिता मलुक सिंह भुल्लर, उम्र 35 वर्ष, निवासी जिला तरन तारन (पंजाब) बताया। वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए कंटेनर की तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान कंटेनर में भरी 325 बोरियों में से 31 काले रंग की बोरियों में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा छिपाकर रखा हुआ पाया गया। उक्त बोरियों का वजन करने पर 613 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ। आरोपी के कब्जे से दो एंड्रायड मोबाइल फोन, नकद राशि एवं कंटेनर वाहन सहित अन्य दस्तावेज भी जप्त किए गए। आरोपी द्वारा उक्त मादक पदार्थ के संबंध में कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली आगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। आरोपी से मादक पदार्थ के स्त्रोत, परिवहन एवं नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, उनि संजय गुनेरा, सउनि अजय जाट, प्रआर सुनील पटेल, प्रआर रमेश जोशी, प्रआर मानवेन्द्र गुर्जर, प्रआर ऋतुराज सोलंकी, प्रआर गिरजाशंकर त्रिपाठी, प्रआर बाबू बबेरिया, आरक्षक दीपक सोलंकी, आरक्षक परवेज खान, आरक्षक रवि राठौर, आरक्षक सुनील नागर, आरक्षक कुलदीप राजेश दांगी सहित समस्त पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## 24 मार्च को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में होगा विद्यारंभ कार्यक्रम

**नलखेड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में 24 मार्च को विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ते हुए उनके शैक्षणिक जीवन की औपचारिक शुरुआत करना है। कार्यक्रम अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नामांकित बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रोत्साहनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संबंधितों से अपील की गई है कि वे कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाएं एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

### ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा नुकसान, आधे घंटे में पाया काबू

# खेत में भड़की भीषण आग: दो किसानों की 5 एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक



**भैरूंदा।** क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के साथ आगजनी की घटनाएं भी तेजी से सामने आ रही हैं, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। ताजा मामला ग्राम पंचायत राला से सामने आया, जहां शनिवार दोपहर करीब 3 बजे राला-पाडल्या के बीच खेतों में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दो किसानों की लगभग 5 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह खाक हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत राला के सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप बजाज और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की अन्य फसलों को बचाया जा सका। आग पर नियंत्रण पाने के लिए आसपास के चार गांवों से पहुंचे किसानों ने अपने-अपने ट्रैक्टरों में कल्टीवेटर लगाकर खेतों की मेड़ों के आसपास जुताई कर दी। इस रणनीति से आग को आगे बढ़ने से रोका गया और बड़ा नुकसान होने से बच गया।

#### फायर ब्रिगेड और टैंकर से बुझी आग

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और ग्राम पंचायत के पानी के टैंकर ने भी आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई। पानी की बौछार कर आग पर नियंत्रण पाया गया। वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने टहनियों और झाड़ियों की मदद से भी आग बुझाने में सहयोग किया। इस घटना ने एक बार फिर किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गर्मी के मौसम में बढ़ती आगजनी की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन और किसानों को सतर्क रहने की आवश्यकता है, ताकि ऐसे हादसों से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

### रिक्की इलेवन को 265 रन के विशाल अंतर से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार खेले गए इस मैच में अनेक रिकार्ड बने है। जिसमें इस मैदान पर सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी की ओर से खेलते हुए शहर के प्रतिभाशाली बल्लेबाज अतुल कुशवाहा ने मात्र 69 गेंद पर नाट आउट 190 रन की विस्फोटक पारी खेली। इस पारी में उन्होंने सात चौके के साथ 21 छक्के लगाए। इसके अलावा सौरभ वर्मा ने 23 गेंद पर 41 रन बनाए थे। अकादमी ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 318 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिक्की इलेवन की टीम 53 रन पर ढेर हो गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अतुल त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी टीम ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 318 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

### वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ भाग लेंगे

## 22 से 24 मार्च तक होगा राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 का आयोजन

**बुधनी।** केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (CFMTTI), बुधनी में 22 से 24 मार्च 2026 तक राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है, जिसमें देशभर से किसान, उद्योग प्रतिनिधि, वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ भाग लेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, एंदल सिंह कंसाना कृषि मंत्री मप्र शासन, गौतम टेटवाल राज्यमंत्री मप्र विधायक रमाकांत भार्गव सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह एक्सपो कृषि यंत्रीकरण एवं उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों पर आधारित एक राष्ट्रीय स्तर का मंच है, जिसका उद्देश्य किसानों, उद्योगों, स्टार्टअप्स, वैज्ञानिकों तथा नीति निर्माताओं को एक साथ लाना है। CFMTTI, बुधनी देश में कृषि मशीनरी के परीक्षण, प्रशिक्षण एवं प्रमाणन के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है, जो पिछले कई दशकों से किसानों के लिए सुरक्षित, प्रभावी एवं उपयोगी कृषि यंत्रों के विकास और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस एक्सपो के माध्यम से संस्थान अपने प्रयासों को और व्यापक बनाने की दिशा में अग्रसर है। आयोजन में देशभर के प्रमुख ट्रैक्टर एवं कृषि मशीनरी निर्माता, ड्रोन एवं प्रिसिजन फार्मिंग कंपनियां, सिंचाई एवं कृषि उपकरण उद्योग तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थान भाग ले रहे हैं। एक्सपो में स्मार्ट फार्मिंग उपकरण, ड्रोन आधारित कृषि समाधान, आधुनिक बीजरोपण एवं कटाई मशीनों सहित नवीनतम तकनीकों का लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, इस एक्सपो में 10,000 से अधिक किसानों के शामिल होने की संभावना है, जिन्हें आधुनिक तकनीकों को समझने, देखने एवं अपनाने का अवसर मिलेगा।

## कलेक्टर ने की किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील

**सीहोर।** कलेक्टर द्वारा जिले में खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेशानुसार फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचता है तथा आगजनी की घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। जिले में रोटावेटर जैसे वैकल्पिक साधन उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर खेत साफ किए जा सकते हैं।

## श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन





**सीहोर।** स्थानीय पावर हाऊस कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर गत्वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव मनाये जाने हेतु मंदिर समिति संरक्षक पूर्व विधायक श्री रमेश सक्सेना के निज निवास पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंदिर समिति संरक्षक श्री सक्सेना, सह संरक्षक तरूण गौसाई, अशोक राजपूत के मार्गदर्शन में इस वर्ष तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाने का निर्णय सर्व सम्मिति से लिया गया। जिसमें सर्व प्रथम दिनांक 31 मार्च 2026 को प्रातः 9 बजे अखण्ड रामायण का पाठ प्रारंभ किया जाएगा। दिनांक 1 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे रामायण जी के समापन उपरांत श्री पंचमुखी हनुमान जी का रूद्राभिषेक, हवन एंव प्रसादी वितरण सांय 4 बजे किया जायेगा। दिनांक 2 अप्रैल 2026 हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में प्रातः 6 बजे से विशेष श्रंगार दर्शन प्रारंभ होगें। सांय 7:30 बजे श्री पंचमुखी हनुमान जी की महा आरती की जावेगी। आरती उपरांत महाप्रसादी का वितरण एवं 8:30 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर रंगरोहन कार्य प्रारंभ कराने का एवं आकर्षक विद्युत साज-सज्जा कराने का निर्णय लिया गया है। पंचमुखी हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक जोशी, पं.कमला प्रसाद शर्मा एवं पुजारी अरूण जोशी के मार्गदर्शन में समस्त धार्मिक आयोजन सम्पन्न कराये जायेगें। पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के सदस्य विनय सक्सेना, विशाल परदेशी, तिलक दांगी, कालू शर्मा, महेन्द्र वर्मा, आशीष गेहलोत पार्षद, नरेन्द्र राजपूत पार्षद, अजय पाल पार्षद, माखन परमार, सुशील ताम्रकार, पंकज मालवीय, सौरभ शर्मा, नितेश सेन, सोनू वर्मा, बबलु शर्मा, अशोक पहलवान, शुभम मालवीय, आशीष गोहर, दीपक तात्या, भुवन बंसल, गिरिश मेहता, मुकेश गोहिया, राजु शर्मा, बाबलु गांठे, चन्दु गांठी, संतोष शर्मा, गब्बर शर्मा, राहुल आसेरी, सिम्मी जैन, कपिल गौर, राहुल दांगी, मनीष परमार आदि उपस्थित रहे।

### पुराने बोरवेल को पंप डालकर किया चालू, नागरिकों को उपलब्ध होगा सुलभ पेयजल

# जिले में अनेक स्थानों पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर






शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनभागीदारी के माध्यम से कुओं, तालाओं, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। अभियान के तहत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं, ताकि जल स्त्रोतों का संरक्षण हो सके। इसी क्रम जल संरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत 20 मार्च को बुधनी के वार्ड क्रमांक 07 में पुराने बोरवेल की सफाई की गई और मोटर पंप डालकर बोर को चालू किया गया, जिससे वहां के नागरिकों को सुलभ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है।

इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया भी किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### अंश का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**कांटाफोड़।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम जिनवानी के होनहार छात्र अंश मीणा (पुत्र श्री दिनेश मीणा) ने उत्कृष्ट प्रतिभा का लोहा मनवाया है। चंद्रकेसर बांध स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर अंश ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और गांव का नाम रोशन कर दिया। इससे पहले भी अंश प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल की परीक्षा क्वालीफाई कर अपनी अद्वितीय क्षमता का प्रमाण दे चुका है। अंश की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मीणा नवोदय कोचिंग के संचालक दादाजी मांगीलाल सीरा, सुनील पटेल मंडल अध्यक्ष , ओम गोमलाडू, गोविंद बारवाल, कमल सिसोडिया, राजेंद्र सिसोडिया, दिलीप पटेल, रमेश मीणा, डॉ. महेंद्र मीणा, डॉ. धर्मेंद्र मीणा, पिंटू सीरा, विकास खोलवाल, आनंद जारेड़ा सहित समस्त समाजजन एवं ग्रामवासी अत्यंत उत्साहित दिखे। अंश के चयन पर आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया और सभी ने अंश को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### शोभायात्रा किया स्वागत

**देवास।** भगवान झूलेलाल जयंती के पावन अवसर पर पूज्य सिंधु पंचायत देवास द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति एवं उल्लास की मनोहारी अद्भुत छटा के दर्शन हुए। शोभायात्रा का श्री पिपलेश्वर महादेव भक्त मंडल एवं सेवा समिति तथा भजन गायक संजयकुमार जैन लख्खाजी व साथियो द्वारा इस छब्बीसवे वर्ष भी हार्दिक स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर चलित भजन संध्या के माध्यम से नगर के प्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री द्वारा सुमधुर भजनो का श्रद्धापूर्वक गायन किया गया। शोभायात्रा मे सम्मिलित लोगों का स्वागत किया।

मां दुर्गा की आराधना में जुट रहे भक्त, हो रहे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन

# नवरात्र के चौथे दिन टेकरी पर जनसैलाब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

सुबह से ही लगी लंबी कतारें, देर शाम तक जारी रहा दर्शन का सिलसिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



चैत्र नवरात्र के चौथे दिन रविवार को माता टेकरी पर आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मां चामुंडा और मां तुलजा भवानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं, जो देर शाम तक जारी रहीं। स्थानीय प्रशासन के अनुसार करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के दर्शन करने का अनुमान है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित टेकरी पहुंचे। नवरात्र शुरू होने के बाद से ही श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार की तुलना में रविवार को अधिक भीड़ देखने को मिली। भक्त पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद ले रहे हैं, जिससे पूरे परिसर में भक्ति का वातावरण बना हुआ है। नवरात्र के अवसर पर छोटी माता मां चामुंडा और बड़ी माता मां तुलजा भवानी के मंदिरों को फूलों और आकर्षक रोशनी से सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टेकरी परिसर में जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की गई है। साथ ही भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। भारी भीड़ के चलते पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोपवे से जाने वाले श्रद्धालुओं को वाहन भोपाल रोड और मक्सी रोड पर खड़े करने पड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में सप्तमी और अष्टमी पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिससे प्रशासन के सामने व्यवस्थाओं को संभालने की चुनौती और बढ़ सकती है।

### संस्था जन चेतना का दुर्गा महोत्व जारी

शहर के इतिहास में पहली बार जन चेतना सामाजिक संस्था द्वारा विकास नगर चौराहे पर माँ दुर्गा की आकर्षक मिट्टी की प्रतिमा स्थापित कर आराधना की जा रही है। संयोजक अजय तोमर एवं अध्यक्ष सुदेश सांगते ने बताया कि नवरात्रि महोत्सव 28 मार्च तक चलेगा। महोत्सव अंतर्गत संगीतमय महाआरती के साथ प्रतिदिन मातृशक्ति व बालिकाओं के लिए ओपन रंगारंग गरबा, तलवारबाजी सहित विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम हो रहे है। शहरभर के मातारानी के दर्शन हेतु भक्तजन पण्डाल पर पहुंच रहे है। 24 से 26 मार्च तक भजन संध्या एवं 27 मार्च को महाप्रसादी का वितरण कार्यक्रम होगा। नवरात्रि के तृतीय दिवस आरती महापौर गीता अग्रवाल, रेखा वर्मा, प्रमिला पटेल, मधु शर्मा, खुशबू वर्मा, पिंकी दायमा, उषा खत्री, सारिका राय, कीर्ति भट्ट, डॉ. मेघा, कृतिका राठौर, अंजलि गुंजाल, राजश्री पाटील, रीता गौर, कृतिका शर्मा, कविता सिसोदिया, खुशी कुशवाहा आदि के द्वारा सम्पन्न कराई गई। नवरात्रि महोत्सव के समापन अवसर पर भव्य झांकी एवं गरबा के साथ विसर्जन चल समारोह सयाजी गेट से प्रारंभ होकर मीठा तालाब तक निकलेगा।



# पीपलरावां नप अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के वित्तीय अधिकारों पर लगी रोक

**हाईकोर्ट का बड़ा फैसला**




हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर परिषद पीपलरावां की राजनीति में शुक्रवार को उस समय बड़ा मोड़ आ गया, जब इंदौर हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के वित्तीय अधिकारों के उपयोग पर अंतरिम रोक लगा दी।क्या है पूरा मामला?नगर के देवनारायण टेलर द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अमितराज ने कोर्ट में दलील दी किः पार्षदों द्वारा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन तो कर लिया गया है, लेकिन इनके कार्यकाल की विधिवत शुरुआत गजट नोटिफिकेशन (राजपत्र में प्रकाशन) जारी होने के बाद ही होती है। नियमतः, अधिसूचना जारी होने से पहले अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अपने प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों का प्रयोग नहीं कर सकते।न्यायालय का अंतरिम आदेशमामले की गंभीरता को देखते हुए इंदौर हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित किया। कोर्ट ने स्पष्ट किया किःजब तक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचित होने की आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं हो जाती, तब तक अध्यक्ष कविता शर्मा और उपाध्यक्ष राजेन्द्र नाहर किसी भी प्रकार के वित्तीय अधिकारों का उपयोग नहीं कर सकेंगे।वित्तीय अधिकारों पर रोक लगाने के साथ ही माननीय न्यायालय ने इस प्रकरण में जवाब-तलब भी किया है। कोर्ट ने निम्नलिखित पक्षों को नोटिस जारी कर 6 सप्ताह के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।इस आदेश के बाद नगर परिषद की कार्यप्रणाली और आगामी विकास कार्यों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### हेमू कालानी की जयंती मनाई जाएगी आज

**देवास।** देश की आजादी में प्राण न्यौछावर करने वाले ,वीर सपूत अमर शहीद हेमू कालानी कि 103,वी जयंती सादगी से मनाई जावेगी। इस अवसर पर पूज्य सिंध हिन्दू पंचायत द्वारा सोमवार को 11 बजे, हेमू कालानी कि प्रतिमा स्थल उज्जैन रोड पर माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त देते हुए। खुबचंद मनवानी ने बताया कि देश कि आजादी के लिए हेमू कालानी की शहादत को कैसे भुला जा सकता है, यह भी अजब संजोग है, जहां एक ओर युवा कांतिकारी हेमू कालानी की आज जयंती का दिन है। वहीं आज ही के दिन 23, मार्च को देश की आजादी में सुखदेव, राजगुरु, भगतसिंह, जैसे योद्धा देश के लिए शाहिद हुए। पूज्य सिंध हिन्दू पंचायत अध्यक्ष अनिल पंजवानी सचिव अशोक पेशवानी ने सभी देश भक्तों से हेमू कालानी की जयंती पर सोमवार को 11बजे प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण, श्रध्दा सुमन अर्पित कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### वैश्य महासम्मेलन में नवीन नियुक्ति

**देवास।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश में युवा इकाई देवास जिले में नवीन नियुक्ति हुई। प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल की अनुमति तथा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी की सहमती एवं युवा प्रदेश महामंत्री गौरव गुप्ता एवं देवास जिला अध्यक्ष गौरव खंडेलवाल की अनुशंसा पर प्रदेश महामंत्री अशोक सोमानी ने युवा इकाई मे देवास जिला युवा अध्यक्ष के पद पर कर्मठ युवा साथी आलोक अग्रवाल की नियुक्ति की । सभी वैश्य बंधुओं में इस नियुक्ति पर अपार हर्ष है। महापौर एवं विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, वैश्य महासम्मेलन देवास नगर अध्यक्ष रजनीश पोरवाल, सचिव पवन गोयल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल, सचिव विजय गोयल एवं सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# गर्मी में प्यास बुझाने संत-महात्माओं के सानिध्य में भोपाल चौराहा पर श्रीराम प्याऊ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भोपाल चौराहा पर मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा स्वामी रामनारायण महाराज, पूर्णानंद महाराज, स्वामी सुरेशानंद तीर्थ, गोपाल दास महाराज, पंडित देवीशंकर तिवारी के सानिध्य में 12 माह चलने वाली प्याऊ का शुभारंभ किया गया। मां चामुंडा की पहाड़ी पर मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा के दर्शन के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं, समस्त भक्तों, आम नागरिकों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। प्याऊ का शुभारंभ करते हुए स्वामी रामनारायण महाराज ने कहा, कि भूखे को रोटी और प्यासे को पानी पिलाना बड़ा ही पुण्यमय कार्य है। मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ठंडी छाछ के साथ-साथ भोपाल चौराहा पर ठंडे पेयजल की भी व्यवस्था की गई है, जो सराहनीय कार्य है। मैं सभी भक्तों व चामुंडा सेवा समिति पदाधिकारी को धन्यवाद देता हूं।



समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया ने बताया, कि चैत्र नवरात्र में मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा सीढ़ी मार्ग उदासीन मठ पर लगाए गए सेवा पंडाल में छाछ वितरण, कन्या भोज एवं यज्ञ-हवन के साथ ही भोपाल चौराहा पर संतों के हाथों समिति द्वारा भक्तों के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया गया है, जो 12 महीने चलेगी। इस अवसर पर बैंक नोट प्रेस के उप माहाप्रबंधक अभिराज सिंह ठाकुर, समिति के अध्यक्ष प्रतापसिंह मेहता, उम्मेदसिंह राठौड़, नरेंद्र मिश्रा, नारायण व्यास, रामाश्रय मिश्रा, रामेश्वर जलोदिया, ओमप्रकाश पटेल, दिनेश सांवलिया आदि उपस्थित थे।

# नौ दिवसीय श्री रामकथा यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गंगानगर परशुराम वाटिका गार्डन, में चल रही नौ दिवसीय श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ की रविवार को पूर्णाहुति श्री राम राज्याभिषेक एवं रामराज्य की स्थापना के सुंदर प्रसंग के साथ हुई। आयोजक सुरेश चंद्र व्यास सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री ने बताया कि पूर्णाहुति के दिन कथा प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक हुई। कथावाचक पं. ओमप्रकाश चतुर्वेदी ने व्यासपीठ से कहा कि जब श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद माता सीता के साथ अयोध्या लौटने के लिए मार्ग प्रशस्त किया। अयोध्या में श्रीराम की विजय का स्वागत और उनकी घर वापसी एक ऐतिहासिक और धार्मिक घटना मानी जाती है। रामायण के इस हिस्से को राम की अयोध्या वापसी के रूप में जाना जाता है। श्रीराम की अयोध्या वापसी के समय सम्पूर्ण अयोध्या नगरी दीपों से सजाई गई थी, जिसे हम दीपावली के रूप में मनाते हैं। अयोध्या लौटने के बाद श्रीराम ने 14 वर्षों का वनवास समाप्त किया और अपनी राज्याभिषेक की तैयारी की। राज्याभिषेक के समय, विश्वामित्र, वशिष्ठ, और अन्य महान ऋषियों द्वारा श्रीराम को शास्त्रों और धार्मिक नियमों के अनुसार राज्य करने की विधि बताई गई। व्यासपीठ की आरती पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर, पूर्व निगम आयुक्त एसएन झारिया, आद्य गौड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल शर्मा मय कार्यकारिणी, कैलाश व्यास इंदौर, राजेंद्र व्यास लोहारदा, संजय व्यास, बलराम पटेल, बलराम पुरोहित खातेगांव, बीके तिवारी देवास आदि ने की। कथा की पूर्णाहूति के अवसर पर व्यास पूजन महेश व्यास, जगदीश व्यास सुरेश व्यास ने सपरिवार करते हुए गुरुजी का शाल-श्रीफल से अभिनंदन पत्र देकर अभिनंदन कर आशीर्वाद लिया। गुरूजी ने आगे कहा कि रामकथा की पूर्णाहूति का संदेश यही है कि जीवन के हर पहलू में धर्म, सत्य, और न्याय का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए, और फिर भगवान के प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए।



अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने रखा गणगौर तीज का व्रत

# राजस्थानी वेशभूषा में निकला भौरासा में भव्य चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

चैत्र शुक्ल तृतीया के पावन अवसर पर नगर में गणगौर पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए व्रत रखा, वहीं कुंवारी बालिकाओं ने मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए पूजा-अर्चना की।गणगौर पर्व की शुरुआत होली के दूसरे दिन से हुई और पूरे 16 दिनों तक महिलाओ ने माता गणगौर की विधि-विधान से पूजा की। इस दौरान प्रतिदिन दोहे, मंगल गीत और बाने निकाले गए। चैत्र शुक्ल तृतीया को इस पर्व का विधिवत समापन किया गया। पर्व में गणगौर माता को मां पार्वती का स्वरूप मानकर पूजा की गई, वहीं भगवान भोलेनाथ का भी स्मरण किया गया। पर्व के दौरान महिलाओ ने अपने पति की लंबी आयु, परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।शनिवार को भौरासा नगर में महेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा भव्य बाना और चल समारोह निकाला गया। यह जुलूस महेश्वरी धर्मशाला से प्रारंभ होकर बजाज साहब के चोपड़े तक पहुंचा। यहां महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा-अर्चना कर मंगल गीत गाए और पुनः जुलूस धर्मशाला पहुंचकर समापन हुआ।चल समारोह में महेश्वरी समाज की महिलाएं आकर्षक राजस्थानी वेशभूषा में शामिल हुईं, जिसने पूरे आयोजन को पारंपरिक रंग में रंग दिया। नवविवाहित महिलाओं द्वारा उद्यापन भी किया गया, जो इस पर्व का विशेष आकर्षण रहा।महेश्वरी समाज महिला संघ की अध्यक्ष प्रेमलता लाहोटी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे उत्साह के साथ गणगौर पर्व मनाया गया। महिलाओं ने भगवान से अपने परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामनाएं की।इस अवसर पर सचिव विजया बजाज, उपाध्यक्ष अर्पिता चिचाणी, कोषाध्यक्ष बृजबाला हेड़ा, सहसचिव संगीता लाहोटी, प्रचार-प्रसार मंत्री सारिका सारडा सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# श्री सीताराम हनुमान महायज्ञ हेतु भव्य यज्ञशाला निर्माण शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी 27 मार्च (रामनवमी) से 2 अप्रैल 2026 (हनुमान जयंती) तक आयोजित होने वाले श्री सीताराम हनुमान महायज्ञ के लिए पंचमुखी धाम, आगरोद में भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया है। इस निर्माण कार्य में हीरालाल भूरिया के नेतृत्व में बड़नगर से आए 8 कारीगर जुटे हुए हैं। महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में विशेष उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी-छोटी बैठकों का आयोजन कर यज्ञ के महत्व एवं कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है। वहीं आगरोद, रालामंडल, लोहाना, बजेपुर, नेवरी, सिलावती सहित अन्य गांवों से भंडारे हेतु गेहूं संग्रह भी किया जा रहा है। ग्रामीणजन इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर गरुड़ दास महाराज, ध्यान योग साधना एवं सेवा न्यास के अध्यक्ष महंत कृष्ण गोपाल दास, राजेश खत्री, नारायण सिंह चावड़ा, विशाल शुक्ला एवं कमल सिंह सोलंकी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने देव शिवम ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यज्ञ नारायण की परिक्रमा करें तथा हनुमान जयंती के दिन आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करें। इस संबंध में जानकारी न्यास के प्रचार प्रमुख राहुल हरोड़ एवं वासुदेव परमार द्वारा दी गई है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित

**ललितपुर** । भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मा पंकज चौधरी जी की प्रवल संस्तुति पर भारतीय जनता पार्टी के ललितपुर जिलाध्यक्ष पं हरिश्चंद्र रावत ने भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी निम्न प्रकार से घोषित की है ।जिला पदाधिकारियों के इस मनोनयन पर आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनको बधाई दीं ।इस अवसर पर निवर्तमान जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी, कमलापति रिछारिया,प्रान्तीय प्रतिनिधि शशिशेखर पांडेय, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, नगर महामंत्री मनोज कुमार खटीक एड,हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीतेश संज्ञा,जगभान सिंह लोधी एड, सुनील मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### माधवगंज पर कवि सम्मेलन आज होगा

**विदिशा।** मातृ भूमि युवा परिषद द्वारा 23 मार्च को माधवगंज चौराहे पर शहीद सम्मान समरोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। परिषद के अध्यक्ष नागेंद्र लोधी ने बताया कि कार्यक्रम में कवियत्री कविता तिवारी, सुदीप भोला, स्वयं श्रीवास्तव, लक्ष्मण नेपाली, प्रीति पांडे, पंकज पंडित को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कवि सम्मेलन और शहीद सम्मान समारोह में संख्या में शामिल होने अपील की है।

### करण गुर्जर का नवोदय में चयन

**शमशाबाद।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में छोटे से गांव दूदनखेड़ी के करण गुर्जर का चयन हुआ है। उनकी इस सफलता से परिवार और पूरे गांव में खुशी का माहौल है। करण गुर्जर, नगर परिषद कर्मचारी धर्मेन्द्र गुर्जर के पुत्र हैं। बेटे के चयन की खबर मिलते ही परिवारजनों और ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।

### टोकन व होम डिलीवरी मॉडल बना मिसाल

**विदिशा।** बिहार और दिल्ली के करीब 15 सदस्यीय कृषि अधिकारियों के दल ने विदिशा जिले का दौरा कर यहां लागू ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली का अध्ययन किया। मप्र में 1 अक्टूबर 2025 से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू इस व्यवस्था का जिले में सफल क्रियान्वयन हुआ है, जो अब अन्य राज्यों के लिए मॉडल बन रहा है।

### लावारिस मिली रेत खनन की सामग्री


**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिले में कहीं भी अवैध उत्खनन न होने पाए। निर्देशों के पालन में नदी क्षेत्र के पास अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। शनिवार को नटेरन तहसील क्षेत्र भ्रमण के दौरान राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम गुरोद के पास सगड़ नदी क्षेत्र में रेत खनन में प्रयुक्त सामग्री जब्त करने की कार्रवाई की गई है। तहसीलदार आनंद कुमार जैन ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम गुरोद के सगड़ नदी क्षेत्र में रेत निकालने का सामान जिनमें दो इंजन, एक छन्ना, दो फुटबॉल हरे रंग की, 4 इंची 1 फुटबॉल हरे रंग की, 3 इंची 12 काले रंग के पाइप लावारिस स्थिति में पाए गए थे।

विश्व जल दिवस पर मानव ऑर्गेनाइजेशन का बड़ा संकल्प

# शिव की जटाएं प्रोजेक्ट से थमेगी पानी की बर्बादी, गिरता भू-जल स्तर रुकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्व जल दिवस पर सामाजिक संस्था मानव ऑर्गेनाइजेशन ने जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वाकांक्षी कदम उठाते हुए अपने नए प्रोजेक्ट शिव की जटाएं की घोषणा की है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आगामी भीषण गर्मियों के दौरान गिरते भू-जल स्तर को रोकना और आम जनमानस को पानी की हर बूंद की कीमत समझाना है। इस अभियान में प्रमुख भूमिका डा.राजीव निरंजन, पर्यावरणविद् पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, एड.स्वतंत्र व्यास, रविन्द्र घोष, रामबाबू चौबे, बलराम कुशवाहा, अमित लखेरा, अमित सैनी, संजय बुढ़वार, लाखन शर्मा, नासिर खान, गौरव जैन, विकास झा, आकाश झा, शशिकांत लोधी, मुकेश राजपूत, हरप्रसाद चौरसिया, रोहित कुशवाहा सहित कई सदस्य सहयोग करेंगे। इस अभियान ने क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगाई है। अब देखना यह होगा कि ची ची ग्रुप और संस्था के संयुक्त प्रयास गर्मियों में जल संकट से जूझते इलाकों के लिए कितने मददगार साबित होते हैं। प्रोजेक्ट का नाम शिव की जटाएं रखने के पीछे गहरा अर्थ छिपा है। जिस प्रकार भगवान शिव की जटाओं ने गंगा के वेग को संभालकर धरती की रक्षा की थी, उसी प्रकार यह प्रोजेक्ट वर्षा जल संचयन और वृक्षारोपण के माध्यम से धरती की जटाओं यानी हरियाली को पुनर्जीवित करने पर केन्द्रित है।




### ची ची ग्रुप बनेगा जागरूकता की आवाज

आज आयोजित विशेष बैठक में संस्था के सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण रणनीति तैयार की है। अभियान की सफलता के लिए ची ची ग्रुप के सदस्यों को मुख्य भूमिका सौंपी गई है। ग्रुप सदस्य जमीनी स्तर पर जाकर लोगों को जल संचयन की पारंपरिक और आधुनिक विधियों के बारे में शिक्षित करेंगे। सोशल मीडिया और मोहल्ला सभाओं के माध्यम से यह ग्रुप वेस्ट वॉटर मैनेजमेंट (अपशिष्ट जल प्रबंधन) के प्रति लोगों को जागरूक करेगा।विश्व जल दिवस पर सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से प्रण लिया कि वे न केवल स्वयं पानी बचाएंगे, बल्कि समाज के हर वर्ग को इस मुहिम से जोड़ेंगे।

### गर्मियों के लिए विशेष कार्ययोजना

मानव ऑर्गेनाइजेशन के उपाध्यक्ष ऋषि हीरानंदानी ने बताया कि गर्मियों की शुरुआत के साथ ही इस प्रोजेक्ट के तहत सूखते जलाशयों का जीर्णोद्धार, पुराने कुओं और तालाबों की सफाई। घरों में आरो से निकलने वाले फालतू पानी को पौधों या सफाई में इस्तेमाल करने की तकनीक बताना। स्कूली बच्चों का प्रशिक्षण, युवाओं को जल प्रहरी के रूप में तैयार करना। संस्था सदस्य सचिन जैन कहते हैं कि जल ही भविष्य है, और यदि हम आज नहीं चेते तो आने वाली पीढ्यां प्यासी रहेंगी। शिव की जटाएं प्रोजेक्ट केवल एक अभियान नहीं, बल्कि धरती के प्रति हमारा ऋण चुकाने का एक प्रयास है।

## विश्व जल दिवस पर मानसरोवर तालाब में वृहद सफाई अभियान चलाया

ललितपुर। विश्व जल दिवस के अवसर पर प्राचीन मानसरोवर तालाब परिसर में वृहद सफाई अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जिला गंगा समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें अविरल गंगे फाउंडेशन की प्रकृति रक्षक टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्रकृति रक्षक टीम और स्थानीय नागरिकों ने तालाब से सैकड़ों टन जल कुंभी निकाली तथा आसपास फैली गंदगी को साफ किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर जल चौपाल का भी आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों को दैनिक जीवन में जल बचाने के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, इसलिए हमें हर स्तर पर जल स्रोतों को बचाने और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जिला गंगा समिति के परियोजना अधिकारी केतन दुबे ने कहा कि छोटे-छोटे जल स्रोत जैसे तालाब और कुएं ही भूजल स्तर को बनाए रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

प्रकृति रक्षक टीम के संयोजक विक्रांत गौर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक और कचरा जल स्रोतों में न डालें, बल्कि स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं। इस दौरान क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रभुदयाल यादव, अनुपम लिटोरिया, मिनी अग्निहोत्री, रिया गुप्ता, विशाल रावत, राजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। अंत में परमार्थ सेवा संस्थान के सिद्धगोपाल सिंह और जल सहेलियों ने सभी का आभार प्रकट किया।




विश्व वन एवं जल दिवस

## सादा जीवन पर्यावरण संरक्षण का असली समाधानः शर्मा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्व वन एवं जल दिवस के अवसर पर स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार सिद्धार्थ शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज को आत्ममंथन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह दिवस केवल औपचारिकता निभाने का नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आज मानव अंधाधुंध उपभोग और विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति से दूर होता जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप जल संकट, वायु प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। ऐसे में सादा जीवन, उच्च विचार की जीवनशैली ही मानव अस्तित्व को बचाने का एकमात्र रास्ता है। सिद्धार्थ शर्मा ने भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि यहां वृक्षों को गुरु का स्थान दिया गया है। आदि शंकराचार्य के श्लोक चित्रं वटतरोर्मूले वृद्धाः शिष्या गुरुर्युवाज का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें स्थिरता, त्याग और उदारता का संदेश देते हैं। प्राचीन आरण्यक संस्कृति और गुरुकुल परंपरा भी प्रकृति के साथ सामंजस्य का प्रतीक रही है। उन्होंने गौतम बुद्ध को बोधिवृक्ष के नीचे प्राप्त ज्ञान का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रकृति और ज्ञान का संबंध अत्यंत गहरा है। इसके विपरीत वर्तमान समय में सुजलाम, सुफलाम भारत की कल्पना प्रदूषण और जल संकट से जूझती नजर आ रही है। नदियों का प्रदूषण, विषैली होती हवा और घटते जल स्त्रोत चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें निस्वार्थ सेवा, सहनशीलता और परोपकार का संदेश देते हैं, जबकि मनुष्य अपने स्वार्थ में प्रकृति का दोहन कर रहा है। न्यायालयों द्वारा भी समय-समय पर पर्यावरण को लेकर दी गई चेतावनियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो धरती मानव के लिए गैस चेंबर बन सकती है। अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में युद्धों के पर्यावरण पर पडने वाले दुष्प्रभावों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे संघर्षों से प्रकृति को अपूरणीय क्षति होती है, जिसकी भरपाई में वर्षों लग जाते हैं। अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी जीवनशैली में बदलाव लाते हुए जल संरक्षण, वृक्षारोपण और संतुलित उपभोग को अपनाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण कोई अभियान नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार होना चाहिए, तभी आने वाली पीढ़ीयों को सुरक्षित भविष्य दिया जा सकता है।

## महिला ने पति पर उत्पीड़न धमकाने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति और उसके परिजनों पर मानसिक उत्पीडऩ, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधीनगर निवासी शिवांगी मिश्रा पत्नी विवेक कुमार रावत ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति विवेक रावत निवासी आगरा तथा उसके परिवार के लोग लगातार उसे और उसके परिवार को परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि आरोपी फोन पर गंदी-गंदी गालियां देता है, आपत्तिजनक संदेश भेजता है। इतना ही नहीं, महिला और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है, जिससे पूरा परिवार दहशत में है। पीड़िता का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन 16 मार्च 2026 से उत्पीडऩ और बढ़ गया है। महिला ने आशंका जताई है कि यदि उसके या उसके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो उसके लिए पति और उसके परिजन जिम्मेदार होंगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

गोशालाओं में अनियमिताओं व अव्यवस्थाओं पर रोष जताया

## गोशालाओं की दशा नहीं सुधरने पर आंदोलन होगाः बुवि सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुंदेलखंड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कम्पनी बाग में बुंदेलखंड विकास के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में आहूत की गई । बैठक में ललितपुर जिले की तमाम गोशालाओं में व्याप्त अनियमिताओं और अव्यवस्थाओं पर गहरा रोष व्यक्त किया गया । बु वि सेना जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा ने कहा कि गोशालाओं के लिए आपूर्ति किये जाने वाले भूसे की खरीद में भारी अनियमिताएं की जा रही है । उन्होंने कहा कि इसके अलावा गेंहूं के भूसे के स्थान पर अन्य घटिया किस्म के भूसे की आपूर्ति करके भ्रष्टाचार किया जा रहा है । बु वि सेना के अन्य वक्ताओं ने कहा कि गोशालाओं में गन्दगी फैली हुई है। जिस कारण ललितपुर की अधिकांश गोशालाओं में जानवरों के हालत बद से बदतर है । इस कारण गौवंश बीमार हो रहे हैं। बीमार गोवंशों के इलाज के कोई विशेष प्रबंध नही किए गये । उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि ललितपुर जिले की सभी गोशालाओं में उचित प्रबंध करते हुए भूसे नाम पर हो रही अनियमिताओं को तत्काल प्रभाव से रोका जाये ।

साथ ही भूसे की आपूर्ति के समय वीडियोग्राफी कराते हुए मोनिटरिंग किया जाना आवश्यक है। बैठक में अमर सिंह बुंदेला, गफूर खान, प्रकाश रैकवार, तुलसीदास गौतम, देवेंद्र राजा, सुरेंद्र सेन, सुरेश झा , सोहन सिंह यादव, रामपाल यादव, नंदराम कुशवाहा, काशीराम विश्वकर्मा, प्रदीप साहू, देशप्रेम शंकर गुप्ता, लालचंद रजक, प्रमोद कुशवाहा, भजन परम, राम प्रकाश झा, प्रदीप साहू, विनोद साहू आदि मौजूद रहे।



प्रोजेक्ट नई किरण जीवन में खुशहाली लाया

## बिखरा परिवार जुड़ा, पुलिस लाइन में भावुक पुनर्मिलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

परिवारों को जोडऩे और दाम्पत्य जीवन में खुशहाली लाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे प्रोजेक्ट नई किरण के तहत रविवार को एक सराहनीय पहल देखने को मिली। स्थानीय पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक बिखरे हुए परिवार का सफलतापूर्वक पुनर्मिलन कराया गया। नई किरण प्रोजेक्ट टीम द्वारा आपसी संवाद और समझाइश के बाद संबंधित परिवार में सुलह कराई गई। परिणामस्वरूप परिवार के सदस्य खुशी-खुशी साथ रहने को राजी हो गए। इस मौके पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रिश्तों की मिठास और नई शुरुआत का संदेश दिया। वहीं, अन्य 04 मामलों में सुनवाई के लिए अग्रिम तिथि निर्धारित की गई।

प्रोजेक्ट नई किरण का उद्देश्य जनपद में टूटते परिवारों को जोडऩा और उनके जीवन में नई उम्मीद की किरण जगाना है। इस पहल के माध्यम से कई परिवारों को एक सूत्र में बांधने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान अजय बरया, संजीव कुमार शर्मा, डा.जनक किशोरी शर्मा, सुधा कुशवाहा, प्रतिसार निरीक्षक तथा महिला आरक्षी सिमरन का विशेष योगदान रहा।



## गुंजौरा गांव में ट्रैक्टर चालक ने 26 वर्षीय युवक को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद के थाना सौजना अंतर्गत ग्राम गुन्जौरा में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे एक ट्रैक्टर-रीपर ने 26 वर्षीय युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृत युवक की माँ की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीलीभीत जिले के थाना हजारा अंतर्गत ग्राम गिल पंजाब फार्म की निवासी रणवीर कौर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनका 26 वर्षीय पुत्र कुलजिन्दर सिंह खेती-किसानी के काम से क्षेत्र में था। घटना गुरुवार, 19 मार्च 2026 की रात करीब 11 बजे की है। बताया गया कि ग्राम सौजना के मजरा गुन्जौरा स्थित सुखदास अहिरवार के खेत में एक अज्ञात ट्रैक्टर व रीपर चालक ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए कुलजिन्दर सिंह को टक्कर मार दी। परिजनों को हादसे की सूचना मिलने के बाद मृतक की माँ ने शनिवार को थाना सौजना पहुँचकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

## खेत से घर लौट रहे युवक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से पिटाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम मैनवारा में खेत से घर लौट रहे एक युवक को रास्ते में रोककर गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर युवक पर लाठी-डंडों से हमला किया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मैनवारा निवासी चालीराजा (24 वर्ष) पुत्र निहाल यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार (19 मार्च) की शाम करीब 5:30 बजे वह अपने खेत से भैंसों को लेकर घर आ रहा था। रास्ते में गाँव के ही इन्द्रभान पुत्र मान सिंह और उसकी पत्नी सीता ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर चालीराजा के साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ित ने गाली देने से मना किया, तो दोनों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आई हैं। शनिवार को पीड़ित ने जखौरा थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी इन्द्रभान और सीता के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### रात में घर के बाहर महिला से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम बरखिरिया में एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरखिरिया निवासी सुमन पत्नी हरिराम विश्वकर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 मार्च 2026 की रात करीब 1 बजे वह अपने घर में सो रही थीं। तभी गांव का ही रोहित पुत्र सुदेव मिश्रा उनके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने बिना किसी वजह के उसके साथ मारपीट कर दी और लात-घूंसों से पीटा। शोर सुनकर जब उसके पति मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रक्त संचार व आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों विषय पर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम किया

## रक्त संचार तकनीक पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में रक्त संचार और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों विषय पर एक महत्वपूर्ण चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में देश और प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे एम्स ऋषिकेश, कानपुर देहात, फिरोजाबाद और झांसी के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं परास्नातक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने सुरक्षित रक्त आधान और उससे जुड़ी बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की। मौके पर एम्स ऋषिकेश से डा. आशीष जैन ने रक्त के तर्कसंगत उपयोग पर जोर दिया। कानपुर देहात से प्रो.डा.सोनल अमित ने सुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन के सही तरीकों के बारे में बताया। उप प्रधानाचार्य ललितपुर डा. श्रुति सिंह ने ऑटोलोगस ब्लड ट्रांसफ्यूजन विषय पर व्याख्यान दिया। झांसी से डा.छाया शेवरा ने ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोगों की जानकारी दी। डा.राजेश आर्या ने रक्त चढ़ाने के दौरान होने वाली प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं के प्रति सचेत किया। डा.रजनी रतमेले ने हीमोविजिलेंस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सीएमएस डा.गजेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें माइक्रोबायोलॉजी विभाग से डा.मधुरेंद्र सिंह राजपूत, बालरोग विभाग से डा.आकृति यादव और पैथोलॉजी विभाग से डा.पूजा गुप्ता एवं डा. श्रद्धा गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

### 30 युवाओं व मातृशक्ति ने रक्तदान किया

ललितपुर । समर्पण जनसेवी संस्था द्वारा विशाल रक्तदान शिविर जिला महिला चिकित्सालय में स्थित ब्लड बैंक में आयोजित किया गया। जिसमें 30 से अधिक युवाओं एवम मातृशक्ति ने रक्तदान किया इस दौरान ललितपुर जिले के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक एवम जिलाधिकारी सत्य प्रकाश सहित शहर के सभी स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी एवम समर्पण समाजसेवी संस्था परिवार के सभी सदस्य गण मौके पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा सभी रक्तदाताओं को शील्ड एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम उपरांत समर्पण संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार जैन एवम जय अंबे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर के जन्मदिन के एक दिन पूर्व केक काटकर सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

एक-दूसरे को गले लगाकर दी ईद की मुबारकबाद, बेहतर व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन का आभार किया व्यक्त

# मुस्लिम समाज बंधुओं ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

मुस्लिम समाज बंधुओं द्वारा पवित्र रमजान माह के 30 दिन के रोजे के बाद चांद दिखाई देने पर शनिवार सुबह ईद की नमाज अदा की। नगर के बस स्टैंड के समीप ईदगाह पर पहुंचकर बड़ी तादाद में मुस्लिम बंधुओं द्वारा खुदा से आपसी भाईचारे अमन चैन की दुआ मांगी तथा ईद की नमाज अदा की गई। ईद की नमाज मोहम्मद बिलाल अहमद मौलाना द्वारा कुरान की आयात पढ़ाकर अमन चैन का पैगाम देते हुए ईद की नमाज अदा करवाई गई। बस स्टैंड पर ईद मिलन समारोह का कार्यक्रम प्रशासन एवं ईद मिलन कमेटी



द्वारा रखा गया जहां पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी एवं पत्रकार बंधुओं ने इत्र पान कराकर एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी गई। इस मौके पर तहसीलदार आरपी सिंह गौड़, थाना प्रभारी आदित्य सोनी, एस आई संतोष सिंह, पूर्व मंडी अध्यक्ष कमल सिंह पवांर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, नगर परिषद कर्मचारी राकेश मंडलोई, कमल मंडलोई, आजाद झावा, ईद मिलन कमेटी के पूर्व पार्षद वाहिद शाह, अबरार ताई, जमील खान, शाहिद शाह, सदर शहजाद खान, बादशाह लाला, जलील अहमद, शकीलअहमद, अशरफ खान, जाकिर खान, हिदायत ताई सहित प्रशासनिक अमला मुस्तेद रहा। ईद मिलन में बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधु जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## ब्यावरा में ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



**ब्यावरा।** ईद-उल-फितर के अवसर पर स्थानीय ईदगाह पर हजारों की संख्या में मुस्लिम समाजजन एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से ईद की नमाज़ अदा की गई। रमज़ान माह के मुकम्मल होने के बाद इस्लाम धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार ईद-उल-फितर मनाया गया। इस मौके पर सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शनिवार को सुबह जामा मस्जिद पर एकत्रित होकर जुलूस की शक्ल में ईदगाह पहुंचे। ईदगाह पर खिताब करते हुए मुफ़्ती शाकिर फलाही ने कहा कि इस्लाम धर्म ऊँच नीच और भेदभाव को खत्म करने का पैग़ाम देता है। उन्होंने कहा कि मुसलमान का सबसे बड़ा कर्त्तव्य अपने पड़ोसी की जरूरतों में उसकी मदद करना है। विविधता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है इसी ताकत से देश मज़बूत होगा। ईदगाह पर ईद की नमाज़ के बाद मुफ्ती हाशिम अजहरी ने मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। ईदगाह पर नमाज़ अदायगी के पश्चात शहर की हुसैनी मस्जिद एवं जामा मस्जिद में भी ईद-उल-फितर की नमाज़ अदा की गई। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर इक़बाल हुसैन ने बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिए पुलिस प्रशासन एवं नगरपालिका का आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया,पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, नगरपालिका उपाध्यक्ष अतुल जगताप, पूनम मेवाड़े, महेंद्र यादव,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे, पार्षद कैलाश कुशवाह, राधेश्याम दांगी ने ईदगाह स्थल पर जाकर सभी मुस्लिम समाज बन्धुओं को ईद की शुभकामनाएं दी। इस अवसर सभी नागरिक उपस्थित रहे।

## नगर में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया ईदगाह में अदा हुई सामूहिक नमाज

**नरसिंहगढ़।** शहर में ईद का पावन त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस मौके पर अस्पताल रोड स्थित ईदगाह पर सामूहिक नमाज अता कर अमन शांति की दुआए कबूल की सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। इस



दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, प्रशासन और पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। ईदगाह परिसर में बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयों और मिठाइयों का आनंद लिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी पहुंचकर लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया।

वैक्सीनेशन में लापरवाही पर कार्रवाई

# राजगढ़ जिले के 53 सीएचओ को कलेक्टर ने थमाए नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में संचालित वैक्सीनेशन अभियान में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में टीकाकरण कार्य की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बड़ी बात यह है की स्वास्थ में लापरवाही पर जिले के 53 सीएचओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि विभिन्न विकासखंडों में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की उपलब्धता एवं कार्य निष्पादन अपेक्षित स्तर से कम है। सारंगपुर, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, राजगढ़, खिलचीपुर एवं जीरापुर क्षेत्रों में सीएचओ की औसत उपलब्धता लगभग 30 प्रतिशत रही, जो निर्धारित 52 प्रतिशत के औसत से काफी कम है। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए जिले के 53 सीएचओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

जिला टीकाकरण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वैक्सीनेशन का लक्ष्य 15,942 निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 8,478 हितग्राहियों को टीके लगाए जा चुके हैं। कलेक्टर ने शेष लक्ष्य को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सीएमएचओ को दिए गए तल्ख निर्देश

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि टीकाकरण कार्य में तेजी लाते हुए मैदानी स्तर पर सतत निगरानी सुनिश्चित करें तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ल्ढ्श वैक्सीनेशन अभियान महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इसमें किसी भी स्तर पर उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिले में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



# पेट्रोल से भरे टैंकर के टायर में लगी आग, टला बड़ा हादसा

फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शनिवार सुबह लगभग 6 बजे काका जी होटल के पास सर्विस रोड हाईवे पर खड़ी डायल 112 टीम को एक बड़ा हादसा टलने में सफलता मिली। डायल 112 में तैनात प्रधान आरक्षक राकेश गुदेन ने एक 12 चक्का पेट्रोल टैंकर के टायर में अचानक आग लगते हुए देखा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने तुरंत थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा को फोन पर सूचना दी और टैंकर चालक को सतर्क कर वाहन को सुरक्षित रूप से हाईवे से हटाकर सर्विस रोड पर खड़ा कराया। सूचना मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही नगर पालिका सारंगपुर की फायर ब्रिगेड टीम को भी तुरंत बुलाया गया। पुलिस द्वारा तत्काल हाईवे के दोनों ओर यातायात को रोक दिया गया, जिससे कोई बड़ा हादसा न हो सके। फायर ब्रिगेड की मदद से कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस दौरान उप निरीक्षक गोटीसिंह परस्ते, प्रधान आरक्षक राकेश गुदेन बनवारी गुर्जर, नरेन्द्र धाकड़, धर्मेन्द्र जायसवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सब जेल सारंगपुर में बंदी पर हमला गंभीर धाराओं में मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

उप जेल सारंगपुर में एक विचाराधीन बंदी पर हमले का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 20 मार्च को जेल परिसर में बंदियों के बीच विवाद के बाद एक बंदी पर दूसरे बंदी द्वारा हमला किया गया। घटना के दौरान घायल बंदी को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि आरोपी बंदी पहले भी विवादित गतिविधियों में शामिल रहा है और जेल में अन्य बंदियों से झगड़ा करता रहा है। घटना के समय भी किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई।



जेल प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। इस मामले में सहायक जेल अधीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस द्वारा दर्ज प्रकरण में मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाने और अन्य संबंधित धाराएं शामिल की गई हैं। जेल प्रशासन के अनुसार घटना की जांच की जा रही है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है। वहीं पुलिस ने मामले को विवेचना में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों की निगरानी को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नगर में महिलाओं ने गणगौर पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में गणगौर पर्व महिलाओं द्वारा उल्लास से मनाया गया। प्रातः से महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पारम्परिक वेशभूषा धारण कर आनन्द मय वातावरण में पुजा की तैयारियां करती है तत्पश्चात अनेकों महिलाओं ने अपने अपने घरों में तथा दुसरी ओर सामुहिक रूप से नगर के मंदिरों में गणगौर की पुजा अर्चना की। महिलाओं ने बताया कि गणगौर पर्व एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट प्रेम और मिलन का प्रतीक है। वैसे इस पर्व को मुख्य रूप से राजस्थान और मध्य प्रदेश में बड़े जोर-शोर से मनाया जाता है। जहां महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए व्रत रखती हैं और पूजा करती हैं।

इस पर्व की शुरुआत होली पर्व के बाद होती है जो कि लगभग 16 दिनों तक चलता है। इस दौरान महिलाएं माता गौरी और भगवान शिव की मूर्तियों को सजाती हैं, ओर अपने पति की लम्बी उम्र के लिए व्रत रखती हैं, ईसर पार्वती की पूजा कर गोर गोर गोमती ईश्वर पूजे पार्वती गाती है। निर्मला भण्ड़ारी श्रीमती कुसुम जमींदार, श्रीमती इंदिरा गुप्ता, श्रीमती मनीषा सोनी, मंजू गुप्ता ने बताया कि महिलाओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक, परिवार और समाज में प्रेम, सम्मान, और सौहार्द का पर्व है।

27 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

# सिंचाई, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं से बदल रही ग्रामीण तस्वीर : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

ग्रामीण विकास के प्रति संकल्पित मध्यप्रदेश सरकार गांवों को सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को ब्यावरा विधानसभा के ग्राम लखनवास में मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा 26 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन/लोकार्पण और शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने 14 करोड़ 98 लाख 22 हजार रुपए की लागत से लखनवास से दूधिया दीवान (नरसिंहगढ़) मार्ग (7.70 किलोमीटर) के उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया , जिससे क्षेत्र में आवागमन सुविधा और अधिक सुदृढ़ होगी। वहीं ग्राम लखनवास में 1 करोड़ 59 लाख रुपए से निर्मित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण कर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया।

इसके अतिरिक्त 10 करोड़ 21 लाख की लागत से ग्राम पंचायत गांगाहोनी, आमडोर, पाडलीगुसाई, लखनवास, सीलखेड़ा, भंवास, पातलापानी, तरेना, बगवाज, बेरियाखेड़ी, सेमलापार, टोडी, चुकल्या, खेजड़ामहाराजा, कुंडीखेड़ा, आगर एवं सुंदरपुरा में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया, जिससे ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। इस दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास की अभूतपूर्व गति देखने को मिल रही है। पिछले 22 वर्षों में मध्यप्रदेश ने विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं और सरकार निरंतर जनकल्याण की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 2003 से पहले मध्यप्रदेश ह्लबीमारू राज्यह्व की श्रेणी में था, लेकिन आज हमारा प्रदेश विकसित राज्यों में सम्मिलित होकर हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है।

### वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा

मंत्री पंवार ने कहा कि आज भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व मंच पर एक मजबूत और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां चाहे वह अंतरराष्ट्रीय संघर्ष हों, ऊर्जा संकट हो या आर्थिक अस्थिरता—इन सभी चुनौतियों के बीच भारत ने अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रखा है। उन्होंने विशेष रूप से पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी के प्रभावी नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों के कारण देश में आम जनता पर इसका अत्यधिक भार नहीं पड़ा। सरकार ने संतुलित नीति अपनाते हुए आपूर्ति को सुचारू बनाए रखा और कीमतों को नियंत्रित रखने का सफल प्रयास किया, जिससे आम नागरिकों को राहत मिली।

### सिंचाई और जल प्रबंधन में ऐतिहासिक परिवर्तन

मंत्री पंवार ने ब्यावरा विधानसभा में सिंचाई क्षेत्र में हुए व्यापक परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्वती नदी पर बन रहे दो बड़े बांध इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होंगे। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से हजारों हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी, जिससे किसानों की उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि मोहनपुरा और कुंडालिया परियोजनाओं ने क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। जहां पहले किसान वर्षा पर निर्भर थे, वहीं अब उन्हें नियमित सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है। साथ ही इन परियोजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति भी मजबूत हुई है, जिससे गांव-गांव में जल संकट काफी हद तक समाप्त हुआ है। यह परिवर्तन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर है।

### सारंगपुर के मऊ में ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत

**सारंगपुर।** क्षेत्र के मऊ में शुक्रवार रात 9 बजे एक 62 वर्षीय बुजुर्ग ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पड़ाना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान करोंदी गांव निवासी मानसिंह पिता भंवरजी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले मृतक ने पड़ाना चौकी पहुंचकर परिजनों से परेशान होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके कुछ समय बाद ही उसने यह कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम रात में ही मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। शनिवार सुबह करीब 10 बजे सारंगपुर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक मानसिंह भिलाला निवासी (हीरापुर) करौंदी कृषि का कार्य करता था तथा अपने परिवार से अलग निवास करता था, और शुक्रवार दोपहर 12 बजे से घर से लापता था।

जनभागीदारी से बढ़ेगी जागरुकता, सुरक्षित होगा भविष्य का जल

# श्रमदान से दिया जल संरक्षण का सशक्त संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियां सतत रूप से संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में विकासखंड राजगढ़ के ग्राम तोतिपुरा में आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने स्वयं श्रमदान कर अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण केवल शासन का कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जल स्त्रोतों के संरक्षण



एवं संवर्धन के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे परंपरागत जल संरचनाओं के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल के समुचित उपयोग के प्रति सजग रहें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, संदीप सोनी, जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों ने भी उत्साहपूर्वक श्रमदान कर अभियान में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा ह्लआओ, सब जुड़ेंह्व के संदेश के साथ सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया। अभियान के अंतर्गत जिलेभर में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण, बोरी बंधान एवं अन्य संरक्षणात्मक गतिविधियों के माध्यम से जल संरचनाओं को पुनर्जीवित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर जल संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, जिससे जब सब जुड़ेंगे, तब ही जल बचेगा, धरती बचेगी और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा का संकल्प साकार हो सके।

# शहर के कई रेस्टोरेंट्स से 10 सिलेंडर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर प्रशासन ने शनिवार को सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर शहर के विभिन्न रेस्टोरेंट्स और दुकानों पर छापेमारी कर 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

छापेमारी के दौरान कई रेस्टोरेंट और दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग होता पाया गया। प्रशासन ने इन मामलों में सख्ती दिखाते हुए संबंधित संचालकों के खिलाफ पंचनामा कार्रवाई की। तहसीलदार निधि लोधी ने स्पष्ट किया कि शहर में गैस की कोई कमी नहीं है और एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

### गैस एजेंसी संचालकों को भी दिए हैं निर्देश

एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे डिलीवरी से संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करें, ताकि उपभोक्ताओं में किसी प्रकार का भ्रम न फैले। तहसीलदार प्रीति पंथी ने जानकारी दी कि वर्तमान में गैस सिलेंडरों की डिलीवरी दो दिनों के भीतर की जा रही है, इसलिए उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने दोहराया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंधित है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने छोटे व्यापारियों, विशेषकर चाय-नाश्ते की दुकानों के संचालकों को भी चेतावनी दी है।